पत्रांक –

प्रेषकः–

प्राचार्य,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

सेवा में,

अधीक्षक,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल,
मुजफ्फरपुर ।

मुज0 दिनांकः–

विषय–एन0एम0सी0, नई दिल्ली के निरीक्षण के दौरान संबंधित डाटा उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक सूचित करना है कि आज दिनांक – 12.07.2021 को इस चिकित्सा महाविद्यालय में पैथोलौजी विभाग में पी0जी0 सीट के वृद्वि हेतु एन0एम0सी0, नई दिल्ली के निरीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण जारी है, जिसमें अस्पताल से जॉच संबंधी डाटा एवं अन्य आवश्यक डाटा को उपलब्ध कराना आवश्यक है ।

परन्तु डाटा उपलब्ध कराने के स्थान पर आपके द्वारा अधोहस्ताक्षरी को यह कहा गया कि दो बजे ड्यूटी समाप्त होने पर संबंधित कर्मी/पदाधिकारी ड्यूटी पर उपस्थित नही है, अतएव डाटा उपलब्ध नही कराया जा सकता । जबकि निरीक्षण होने की सूचना आपको दिनांक – 12.07.2021 को पूर्वा0 में ही दे दी गई थी । ऐसे में संबंधित कर्मी/पदाधिकारी को आपके द्वारा निदेशित किया जाना चाहीए था कि निरीक्षण सम्पन्न होने के उपरांत ही कार्यालय से प्रस्थान करें, परन्तु आपके द्वारा ऐसा नही किया गया, जो घोर कर्त्तव्यहीनता एवं लापरवाही का द्योतक है ।

ऐसे परिस्थिति में एन0एम0सी0 निरीक्षक को ससमय डाटा उपलब्ध नही कराने की स्थिति में आप सम्पूर्ण रूप से जिम्मेवार होंगे । तथा पी0जी0 सीट वृद्वि प्रस्ताव पर प्रतिकूल प्रभाव पडे.गा, जो उचित नही है ।

अतएव आप संबंधित कर्मियों/पदाधिकारियों को इस संदर्भ में आवश्यक दिशा–निर्देश दें । साथ ही इस संदर्भ एवं आवश्यक बिन्दुओं पर विचारार्थ दिनांक – 14.07.2021 को 12:30 बजे अप0 में प्राचार्य प्रकोष्ठ में एक बैठक आहुत की जाती है, जिसमें आप उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाए ।

विश्वासभाजन

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः– 1053/21 दिनांकः– 12/7/2021

प्रतिलिपिः–

1. सभी विभागाध्यक्ष, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
2. कॉलेज वेबसाईट ।

12/7/21

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर